# Rise Education®

Hindi Medium

16 Jan 2026

Follow us on



Ashish Namdev
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS

## GK BOOSTER

CAT MAT CLAT SSC

BANK RAILWAY VYAPAM CDS

Save this Number
7415334338
For Daily Current Affairs /PDF Notes/Job Notifications

Address : C-145, Sec 01, Behind City Center Mall, Near Axis Juice, Devendra Nagar, Raipur - 492004

Contact : 7415334338, 9165040534

## 16 जनवरी से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारतीय फिल्म होमबाउंड को 98वें अकादमी पुरस्कारो में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के लिए चुना गया हैं। नीरज पायवान द्वारा निर्देशित होमबाउंड उन 15 फिल्मों में शामिल है जो ऑस्कर 2026 में अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अंतिम नामांकन के लिए अर्हता प्राप्त कर चुकी हैं। अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म की इस सूची में दुनिया भर के विभिन्न देशो की फिल्म शामिल हैं। यह सूची ऑस्कर के अंतिम नामांकन के लिए पात्रता निर्धारित करती हे। चयनित श्रेणियों में अंतिम नामांकनो की आधिकारिक सूची 22 जनवरी 2026 को घोषित की जाएगी।
- भारतीय वैज्ञानिकों ने 3डी प्रिंटिंग तकनीक का उपयोग करके स्वदेशी रूप से निर्मित स्वचालित मौसम स्टेशन विकसित किए हैं। यह पहल सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन मानसून का हिस्सा है, जो भारत की मौसम निगरानी और पूर्वानुमान क्षमताओं को बहेतर बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया 2000 करोड का कार्यक्रम हैं। इन अगली पीढ़ी के मौसम स्टेशनों का पहला बैच फरवरी से दिल्ली में स्थापित किया जाना निर्धारित हैं। यह परियोजा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान पुणे द्वारा संचालित की जा रही है।
- भारत का पहला स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत भारतीय तटरक्षक बल में शामिल हुआ। यह पोत गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा भारत के पोत निर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के अंतर्गत निर्मित किया गया हैं। 60% से अधिक स्वदेशी घटकों से युक्त समुद्र प्रताप को भारतीय तटरक्षक बल के बेडे में सबसे बड़े पोत के रूप में शामिल किया गया हैं। यह पोत जीएसएल द्वारा निर्मित किए जा रहे दो प्रदूषण नियंत्रण पोतो में से पहला हैं। इस पोत से भारत की समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया, अग्निशमन, समुद्री सुरक्षा ओर पर्यावरण संरक्षण क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।
- पीएम कुसुम योजना कृषि में सौर ऊर्जा को अपनाने को बढ़ावा दे रही है ताकि किसानों की आय बढ़ाई जा सके और स्थायी खेती के तरीकों को समर्थन दिया जा सके। राज्यसभा में दी गई जानकारी के अनुसार पूरे भारत में 20 लाख से अधिक किसानों को इस योजना से लाभ हुआ हैं। घटक A के तहत किसान सौर संयंत्रों के लिए अपनी जमीन पट्टे पर दे सकते हैं। ओर सालाना प्रति हेक्टेयर 80,000 तक कजा सकते है। घटक B डीजल सिंचाई पंपों को सौर ऊर्जा से चलने वाले पंपों से बदलने का समर्थन करता हैं।
- दिल्ली सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके साथ ही दिल्ली पहली बार आरबीआई के बैकिंग, नकदी प्रबंधन ओर ऋण प्रबंधन ढांचे के अंतर्गत आ गई हैं। आरबीआई अब दिल्ली सरकार के बैंकर के रूप में कार्य करेगा। यह दिल्ली सरकार के ऋण प्रबंधक ओर वितीय एजेंट के रूप में भी कार्य करेगा। इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के साथ दिल्ली राज्य विकास ऋणों के माध्यम से धन जुटा सकती हैं। समझौता ज्ञापन अधिशेष नकदी के स्वचालित निवेश, पेशेवर नकदी प्रबंधन ओर कम लागत वाली चल निधि सुविधाओं तक पहुंच की अनुमति भी देता है।
- नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री द्वारा पोषण के लिए एनडीडीबी फाउंडेशन के राष्ट्रीय सीएसआर सम्मेलन का उद्धघाटन किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य बाल पोषण के लिए सहयोगात्मक ओर सतत रणनीतियों पर विचार विमर्श करना हैं। इस सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा किया जा रहा हैं। सम्मेलन के दौरान अमित शाह ने गिफ्टमिल्क कार्यक्रम के तीसरे चरण का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ में स्थित एसएआईएल भिलाई स्टील प्लांट की सीएसआर पहल के अंतर्गत आता हैं।
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली में 41 साहित्यिक कृतियों का विमोचन किया। ये कृतियां शास्त्रीय भाषाओं के उत्कृष्टता केंद्रो द्वारा विकसित की गई हैं। इन साहित्यिक कृतियों का निर्माण केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान के अंतर्गत किया गया हैं। इस कार्यक्रम के दौरान 13 अतिरिक्त पुस्तके भी विमोचित की गई। तिरूक्कुरल की 45 एपिसोड की सांकेतिक भाषा व्याख्या श्रृंखला का भी विमोचन किया गया। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह पहल शास्त्रीय भाषा अध्ययन के प्रति निरंतर समर्थन दर्शाती है।
- भारत ओर एशियाई विकास बैंक के बीच 22 लाख डॉलर से अधिक के ऋण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। वित मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के मार्गदर्शन में इन समझौतो को अंतिम रूप दिया गया। ये ऋण कई राज्यों में फैली पांच प्रमुख विकास परियोजनाओं के समर्थन के लिए हस्ताक्षरित किए गए हैं। कौशल विकास, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा, शहरी परिवहन ओर सतत आजीविका के लिए धन आवंटित किया गया हैं। कौशल विकास कार्यक्रम के तहत 12 राज्यों में फैले 650 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का आधुनिकीकरण किया जाएगा और पांच राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों को उत्कृष्टता केंद्रो में उन्नत किया जाएगा।

# Rise Education®

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. हाल ही में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकतंत्र ओर चुनाव प्रबंधन पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कब किया जाएगा ?**

(A) 18 जनवरी (B) 20 जनवरी
(C) 21 जनवरी (D) 23 जनवरी

**(C)** यह सम्मेलन इस माह की 21 तारीख से नई दिल्ली में आयोजित होगा। ईसीआई के तत्वावधान में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र ओर चुनाव प्रबंधन संस्थान इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कर रहा हैं। सम्मेलन का विषय है समावेशी, शांतिपूर्ण, लचीले ओर टिकाऊ विश्व के लिए लोकतंत्र। यह सम्मेलन चुनाव प्रबंधन निकायो के बीच अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

IICDEM-2026

**2. राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 15 जनवरी (B) 16 जनवरी
(C) 17 जनवरी (D) 18 जनवरी

**(A)** राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस हर साल 16 जनवरी को मनाया जाता हैं, जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 में की थी, ताकि भारत के स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा दिया जा सके ओर इनोवेशन फॉर इंडिया के विस्तार को बढ़ावा दिया जा सके, जो देश के आर्थिक विकास में नवाचार ओर उद्यमिता के महत्व को दर्शाता है।




**3. हाल ही में किस राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को उनके अंतिम मूल वेतन का 50% देने की गारंटी दी है ?**

(A) कर्नाटक (B) आंध्रप्रदेश
(C) तमिलनाडु (D) पंजाब

**(C)** हाल ही में मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने तमिलनाडु आश्वासित पेंशन योजना की घोषणा की, जिसके तहत सरकारी कर्मचारियों को उनके अंतिम प्राप्त वेतन के 50% के बराबर आश्वस्त पेंशन मिलेगी। कर्मचारियों के 10% पेंशन फंड योगदान से परे पेंशन आवश्यकताओं को राज्य सरकार पूरी तरह वहन करेगी।



**4. हाल ही में सदानंद दाते किस राज्य के नए DGP बने हैं ?**

(A) महाराष्ट्र (B) गुजरात
(C) पंजाब (D) ओडिशा

**(A)** हाल ही में महाराष्ट्र को एक नया पुलिस प्रमुख मिला है, जिसमें एक वरिष्ठ और अनुभवी अधिकारी को राज्य पुलिस बल का नेतृत्व सोंपा गया हैं। यह नियुक्ति पुलिस नेतृत्व में स्थिरता ओर स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित न्यायिक दिशानिर्देशों के पास आतंकवाद रोधी अभियानों, शहरी पुलिसिंग ओर केंद्रीय जांच एजेंसियों में व्यापक अनुभव है।



**5. हाल ही में किस राज्य सरकार ने स्कूलो में अखबार पढ़ना अनिवार्य किया है ?**

(A) झारखंड (B) पश्चिम बंगाल
(C) केरल (D) राजस्थान

**(D)** हाल ही में राजस्थान राज्य सरकार ने प्रदेश के शिक्षा जगत में एक क्रांतिकारी कदम उठाते हुए सरकारी और निजी स्कूलों की सुबह की असेंबली में अखबार पढ़ना जरूरी कर दिया हैं। शिक्षा विभाग के इस नए आदेश का मुख्य उद्देश्य छात्रो को रटंत विद्या से दूर ले जाकर उन्हें दुनिया भर के करंट अफेयर्स से जोड़ना है।



Contact : 7415334338, 9165040534

**6. हाल ही में PWD ने कहां सड़क संकेतों पर QR कोड़ लगाना अनिवार्य कर दिया गया है ?**

(A) दिल्ली (B) मुंबई

(C) बेंगलुरू (D) चेन्नई

**(A)** हाल ही में PWD ने सभी नए और मौजूदा सड़क साइन केंद्रो पर QR कोड़ लगाना अनिवार्य कर दिया हैं। क्यूआर कोड के माध्यम से निर्माता का नाम, निर्माण की तारीख, इस्तेमाल की गई सामग्री ओर वारंटी की जानकारी उपलब्ध होगी। भविष्य में इन कोड्स को PWD sewa मोबाइल ऐप से जोड़ा जाएगा, जिससे नागरिक क्षतिग्रस्त या खराब साइन बोर्डों की शिकायत सीधे स्कैन करके कर सकेंगे।



**7. हाल ही में जारी NTCA की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 में भारत में कितने बाघों की मौत हुई हैं ?**

(A) 38 (B) 55

(C) 89 (D) 166

**(D)** हाल ही में नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में भारत में कुल 166 बाघों की मौत दर्ज हुई हैं। यह संख्या 2024 की तुलना में 40 अकध् एक हैं। मध्यप्रदेश में सबसे अधिक 55 बाघों की मौत हुई हैं। इसके बाद महाराष्ट्र, केरल, ओर असम का स्थान रहा। कुल मौतो में 31 शावक भी शामिल थे।



**8. हाल ही में वित वर्ष 2026 में भारत के निवेश चार्ट में सर्वोच्च स्थान किस राज्य को प्राप्त हुआ है ?**

(A) केरल (B) कर्नाटक

(C) आंध्रप्रदेश (D) तेलंगाना

**(C)** हाल ही में आंध्रप्रदेश चालू वित वर्ष में भारत का अग्रणी निवेश गंतव्य बनकर उभरा हैं। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, राज्य ने प्रस्तावित पूंजी निवेश में सबसे बड़ा हिस्सा आकर्षित किया है, जो निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाता हैं। मजबूत सरकारी नीतियों, बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान ओर तेज मंजूरियों के चलते आंध्रप्रदेश पारंपरिक औद्योगिक राज्यो से आगे निकल गया है और भारत के विकास भूगोल में बदलाव का संकेत देता है।



**9. हाल ही में भारत का पहला सरकारी अस्पताल आधारित AI क्लिनिक कहां स्थापित किया गया है ?**

(A) मुंबई (B) चेन्नई

(C) ग्रेटर नोएडा (D) बेंगलुरू

**(C)** हाल ही में ग्रेटर नोएडा के गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भारत के पहले सरकारी अस्पताल आधारित AI क्लिनिक का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया। भारत सरकार के अतिरिक्त महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं ने सेंटर फॉर मेडिकल इनोवेशन के तहत स्थापित इस क्लिनिक का शुभारंभ किया।




**10. हाल ही में भारत ओर किस देश ने लोथल की समुद्री विरासत को बढ़ावा देने के लिए समझौता किया है ?**

(A) इंडोनेशिया (B) नीदरलैंड

(C) दक्षिण अफ्रीका (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** हाल ही में भारत और नीदरलैंड ने गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय धरोहर परिसर के लिए समुद्री विरासत सहयोग को मजबूत करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य संग्रहालय डिजाइन, संरक्षण, शोध, पर्यटन ओर वैश्विक सांस्कृतिक आदान प्रदान को प्रोत्साहित करना है।

